हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में स्वच्छता अभियान का आयोजन

स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा आरम्भ किया गया राष्ट्रीय स्तर का अभियान है, जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधोरंचना को साफ़ सुथरा करना है।

इसी कड़ी में हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम बुधवार को सफाई अभियान का आयोजन किया जाता है। फरवरी माह के अंतिम बुधवार, दिनांक 27.03.2019 को सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शोधार्थियों ने भाग लिया। मौसम ख़राब होने तथा बर्फ़बारी के कारण कार्यालय के अन्दर कमरों तथा प्रयोगशालाओं में ही सफाई अभियान का संचालन किया गया। सभी कर्मियों ने अपने-अपने बैठने के स्थान तथा प्रयोगशालाओं तथा उपकरणों इत्यादि की सफाई की।

A-D
P-S
E-P
T-Z

PULL